# सोनाक्षी सिन्हा करेंगी आलिया भट्ट और वरुण धवन से पहले शादी

बीटाउन में रिलेशनशिप के मामले में इन दिनों आलिया भट्ट-रणबीर कपूर और वरुण धवन-नताशा दलाल की जोड़ी सुर्खियों में छाई रहती है। अपने रिश्ते को लेकर ये सितारे काफी सीरियस हैं ऐसे में इनके जल्द शादी करने को लेकर अटकलें भी लगाई जा रही हैं। इस बीच सोनाक्षी सिन्हा ने शादी को लेकर जो कहा उससे सभी हैरान रह गए। उन्होंने कहा कि वह वरुण और आलिया से पहले शादी करेंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आलिया, वरुण और सोनाक्षी अपनी अपकमिंग फिल्म कलंक के प्रमोशन को लेकर एक रिऐल्टी शो का हिस्सा बने थे। इस दौरान उन सभी को कुछ सवालों का जवाब देना था। सोनाक्षी ने शादी के सवाल पर जवाब देते हुए कहा मैं वरुण धवन और आलिया भट्ट से पहले शादी करना चाहती हूं। उनका यह जवाब सुनते ही उनके को-स्टार्स और वहां जज की भूमिका में मौजूद शिल्पा शेट्टी तक हैरान रह गईं। उन्होंने सोनाक्षी से रिलेशनशिप के बारे में बताने को कहा, इस पर ऐक्ट्रेस ने कहा कि वह बस वरुण और आलिया से पहले शादी करना चाहती हैं।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# निर्देशन में हाथ आजमाना चाहती है ऐश्वर्या राय

बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय अब निर्देशन में भी हाथ आजमाना चाहतीं हैंऐश्वर्या राय ने पिछले वर्ष फिल्म फन्ने खां में काम किया था। इस फिल्म में उन्होंने एक स्टार सिंगर का रोल निभाया था। ऐश्वर्या ने कहा कि अब वह एक्टिंग के अलावा निर्देशन में भी किस्मत आजमाना चाहती हैं।

ऐश्वर्या से जब निर्देशन को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा, मैं एक दिन किसी फिल्म का निर्देशन करना चाहती हूं। हालांकि मैंने इस पर काम करने के लिए कभी टाइम और एनर्जी नहीं लगाई। लेकिन अब, मुझे इसके बारे में गंभीरता से सोचना पड़ेगा। मेरे सहयोगियों ने हमेशा मुझे चिढ़ाया है और उन्होंने कहा, आप एक निर्माता या निर्देशक की तरफ रुख क्यों नहीं करती हैं? अपनी खुद की एक फिल्म बना लो। मुझे कई लोगों से प्रतिक्रिया मिल रही हैं, इसलिए ये उत्साहजनक है। लेकिन उन्हें इस पर गंभीरता से सोचना पड़ेगा। ऐश्वर्या ने कहा , मैं कई सालों से इंडस्ट्री में काम कर रही हूं और मैंने हमेशा एक बेहद प्रतिबद्ध एक्ट्रेस के रूप में एक्टिंग की है।



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# आरव पर कोई दबाव नही: अक्षय कुमार



बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार का कहना है कि वह अपने पुत्र आरव पर किसी तरह का दबाव नही डालना चाहते हैं।

बॉलीवुड के कई स्टार किड्स ने इन दिनों फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू किया है। सारा अली खा़न, जाह्नवी कपूर जैसे स्टार किड्स के बाद अब सनी देओल के बेटे करण देओल डेब्यू के लिए कमर कस रहे हैं। अक्षय कुमार ने अपने बेटे आरव के डेब्यू को लेकर बात की है।

अक्षय ने कहा कि वो अपने बच्चों पर करियर को लेकर किसी तरह का प्रेशर डालने में यक़ीन नहीं रखते। अक्षय ने कहा कि आरव अभी 16 साल के हैं और फ़िलहाल अपनी ज़िंदगी जी रहे हैं। अभी उनके करियर को लेकर किसी तरह की चर्चा करने और दबाव बनाने की कोई ज़रूरत नहीं है।

अक्षय ने कहा कि यदि उनके बच्चे एक्टिंग के अलावा पेंटिंग, मेडिकल या रेस्टॉरेंट खोलने जैसे करियर का चुनाव करते हैं, तो उन्हें ख़ुशी होगी। वो जो भी करना चाहेंगे, उसमें अक्षय उनके साथ हैं।

मेरे पिता ने मुझ पर कोई दबाव नहीं डाला। यदि मुझे कराटे का शौक़ है तो वही करो, लेकिन कम से कम आधा ब्रूस ली तो बनो। अब वही हुनर मेरे काम आ रहा है। माता-पिता हर समय अपने बच्चों के साथ नहीं रह सकते। वो बच्चों के लिए दुआ कर सकते हैं, लेकिन यह बच्चों के हाथ में है कि वो अपनी ज़िंदगी को क्या दिशा दें। इसलिए आरव हों या नितारा, जो उनको करना होगा, वो करेंगे।

# रोहित शेट्टी नहीं चाहते कि बॉक्स ऑफिस पर भिड़ें सलमान और अक्षय

हाल ही में खबर आई कि अगले साल ईद पर सलमान खान और अक्षय कुमार टकराने वाले हैं। अब सुनने में आया है कि डायरेक्टर रोहित शेट्टी इस क्लैश से बचने के मूड में आ गए हैं। सलमान खान ने हाल ही में सोशल मीडिया पर संजय लीला भंसाली के साथ अपनी अगली फिल्म इंशाअल्लाह की जानकारी दी है, जिसमें वह आलिया भट्ट के साथ नजर आनेवाले हैं। यह फिल्म अगले साल ईद पर रिलीज़ फिल्म के बारे में जानने के बाद से ही फैन्स इसे लेकर काफी उत्साहित हैं। दूसरी तरफ उसी समय रिलीज़ होने वाली अक्षय कुमार के साथ रोहित शेट्टी की फिल्म सूर्यवंशी का भी फैन्स को बेसब्री से इंतज़ार है।



लेटेस्ट रिपोर्ट्स की मानें तो फैन्स नहीं चाहते कि एक ही समय में उन्हें यह डबल ट्रीट मिले। खबरों की मानें तो रोहित शेट्टी अपनी फिल्म की रिलीज़ डेट को खिसकाने का मन बना लिया है ताकि सलमान और संजय लीला भंसाली की फिल्म से कोई क्लैश न हो। हालांकि, यहां आपको बताना चाहेंगे कि रोहित शेट्टी ने अपनी फिल्म रिलीज़ की डेट की घोषणा पहले की थी। निर्देशक को लग रहा है कि बॉक्स ऑफिस पर क्लैश से बचने में भलाई है और वह जल्द ही अपनी इस फिल्म की नई डेट की घोषणा करेंगे। रोहित शेट्टी हाल ही में कह चुके हैं कि वह फिल्म की शूटिंग मई में शुरू कर देंगे। उन्होंने यह भी कहा था कि इस फिल्म की लीडिंग लेडी को लेकर वह जल्द ही घोषणा करेंगे।



# जैकलीन से पोल डांस सीखना चाहती हैं तापसी

अभिनेत्री तापसी पन्नू का कहना है कि वह फिल्म जुड़वां 2 की अपनी सहकलाकार जैकलीन फर्नांडिस से पोल डांस सीखना चाहती हैं। एक बयान में कहा गया कि अभिनेत्री ने वूट ओरिजनल्स की पेशकश और सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया की मेजबानी वाले शो फीट अप विद द स्टार्स सीजन 2 में यह बात कही।

तापसी से जब पूछा गया कि अगर जैकलीन उनकी पड़ोसी होतीं तो वह क्या करतीं तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हम साथ में वर्क आउट करेंगे, वह वास्तव में इसे लेकर जुनूनी हैं। अभिनेत्री ने कहा, मैं उनसे पोल डांस सीखना चाहूंगी। मैं जानती हूं कि यह भयावह होगा लेकिन मैं सच में उनके साथ वर्क आउट करना चाहती हूं।

तापसी ने यह भी कहा कि वह अनुराग कश्यप की सबसे अच्छी दोस्त बनना चाहती हैं और हॉलीवुड पार्टियों में शिरकत करना चाहती हैं। अनुराग के साथ तापसी फिल्म मनमर्जियां में काम कर चुकी हैं और एक सुपरनैचुरल थ्रिलर में उनके साथ फिर से काम कर रही हैं। इन दिनों तापसी फिल्म सांड की आंख की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसमें भूमि पेडनेकर भी हैं।



# स्टेज परफॉर्मेंस में दिखी ईशान खट्टर और जाह्नवी कपूर की केमिस्ट्री

साल 2018 में ईशान खट्टर और जाह्नवी कपूर ने धड़क फिल्म के जरिए फिल्म इंडस्ट्री में एंट्री मारी थी। इस फिल्म में दोनों की केमिस्ट्री ने फैंस का दिल जीत लिया। ऐक्टिंग के साथ-साथ फिल्म के गानों पर दोनों के डासिंग स्टेप्स को भी लोगों ने काफी पसंद किया था। अब एक साल बाद दोनों फिर से एक साथ थिरकते नजर आए। यह मौका था, फिल्मफेयर मिडिल ईस्ट की पहली ऐनिवर्सरी का। पहली ऐनिवर्सरी के मौके पर आयोजित किए गए कार्यक्रम में इन दोनों की जोड़ी ने अपनी फिल्म के गाने झिंगाट पर स्टेज पर डांस किया तो लोगों की नजरें थम सी गईं। दोनों की इस परफॉर्मेंस का विडियो जमकर वायरल हो रहा है। लोगों ने इस विडियो को काफी पसंद किया है। डांसिंग स्टेप्स के साथ-साथ दोनों के लुक्स भी सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गए हैं। जहां जाह्नवी अपने हल्के हरे रंग के गाउन में खूबसूरत दिख रही थीं। वहीं ईशान अपने काले फॉर्मेल जैकेट और सफेद पैंट में डैशिंग लग रहे थे। फिल्मों की अगर बात करें तो फिलहाल जाह्नवी के पास तीन फिल्में हैं। वहीं, ईशान के पास अभी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की बायॉपिक का ऑफर है।